# खेल
# (Sports)

## प्रमुख आयोजन

### ग्रैंड स्लैम (लॉन टेनिस)

| स्पर्धा | ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2019 | फ्रेंच ओपन, 2018 | विम्बल्डन, 2018 | यू.एस. ओपन, 2018 |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष एकल | | | | |
| विजेता | **नोवाक जोकोविक** (सर्बिया) | **राफेल नडाल** (स्पेन) | **नोवाक जोकोविक** (सर्बिया) | **नोवाक जोकोविक** (सर्बिया) |
| उपविजेता | राफेल नडाल (स्पेन) | डोमिनिक थिएम (ऑस्ट्रिया) | केविन एंडरसन (द. अफ्रीका) | जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना) |
| महिला एकल | | | | |
| विजेता | **नाओमी ओसाका** (जापान) | **सिमोना हालेप** (रोमानिया) | **एंजेलिक कर्बर** (जर्मनी) | **नाओमी ओसाका** (जापान) |
| उपविजेता | पेत्रा क्विटोवा (चेक गणराज्य) | स्लोएन स्टीफंस (अमेरिका) | सेरेना विलियम्स (अमेरिका) | सेरेना विलियम्स (अमेरिका) |

### हीरो महिला गोल्ड कप, 2019

☞ कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (ओडिशा) में संपन्न। (9-15 फरवरी, 2019)

☞ **प्रायोजक -** हीरो

☞ **आयोजक -** ऑल इंडिया फुटबॉल महासंघ (AIFF) और ओडिशा सरकार।

☞ **प्रतिभागी टीमें** (4)- भारत, म्यांमार, ईरान और नेपाल।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

☞ **विजेता - म्यांमार** (3-1 से)

☞ **उपविजेता** - नेपाल

☞ **प्रतियोगिता में प्रदत्त पुरस्कार**

☞ **मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर** - विन थिइंगी तुन (म्यांमार)

☞ **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर** - जार-जार माइंट (म्यांमार)

☞ **फेयर प्ले अवॉर्ड** - म्यांमार

☞ भारतीय टीम की कप्तान अदिति चौहान और मुख्य कोच मायमोल रॉकी थीं।

☞ मायॅमोल रॉकी भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की प्रथम महिला कोच हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम का भारत दौरा, 2019

☞ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का भारत दौरा संपन्न। (24 फरवरी - 13 मार्च, 2019)

☞ इस दौरान 2 टी-20 और 5 अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों की शृंखला खेली गई।

● **एकदिवसीय शृंखला (2-13 मार्च, 2019)**

☞ 5 एकदिवसीय मैचों की शृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज - उस्मान ख्वाजा** (ऑस्ट्रेलिया), शृंखला में सर्वाधिक 383 रन।

☞ भारत ने शृंखला के पहले दो मैच जीते और दूसरे मैच में जीत के साथ ही भारत ने एकदिवसीय प्रारूप में अपनी 500वीं जीत दर्ज की।

☞ ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है।

● **टी-20 शृंखला (24-27 फरवरी, 2019)**

☞ दो अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप करते हुए 2-0 से जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफर द सीरीज** - ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया), शृंखला में सर्वाधिक 169 रन।

☞ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वर्षों बाद भारत के विरुद्ध कोई टी-20 सीरीज जीती है।

☞ इससे पूर्व वर्ष 2007-08 में भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ने 1 टी-20 मैच की सीरीज जीती थी।

### भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा, 2018-19

☞ भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा संपन्न। (21 नवंबर, 2018 से 18 जनवरी, 2019)

☞ दौरे के दौरान 3 टी-20, 4 टेस्ट तथा 3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले गए।

● **टी- 20 शृंखला**

☞ 3 टी-20 मैचों की शृंखला संपन्न। (21-25 नवंबर, 2018)

☞ भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के मध्य यह शृंखला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

☞ शृंखला का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द।

☞ शृंखला में सर्वाधिक 117 रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को **'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।

● **बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (टेस्ट शृंखला)**

☞ 4 टेस्ट मैचों की शृंखला संपन्न। (6 दिसंबर, 2018- 7 जनवरी, 2019)

☞ भारत ने शृंखला 2-1 से जीत ली।

☞ शृंखला का आखिरी मैच ड्रा रहा।

☞ शृंखला में सर्वाधिक 521 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को **'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।

● **एकदिवसीय शृंखला**

☞ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला संपन्न। (12-18 जनवरी, 2019)

☞ भारत ने 2-1 से शृंखला जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - महेंद्र सिंह धौनी (भारत)

## भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा

☞ न्यूजीलैंड में संपन्न। (23 जनवरी - 10 फरवरी, 2019)

☞ दौरे पर 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों तथा 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला खेली गई।

● **एकदिवसीय शृंखला**

☞ भारत ने 4-1 से शृंखला जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** मोहम्मद शमी (भारत)

☞ **शृंखला में सर्वाधिक रन -** अंबाती रायडू (भारत, 190 रन)

☞ **शृंखला में सर्वाधिक विकेट -** ट्रेंट बोल्ट (न्यूजीलैंड, 12 विकेट)

● **टी-20 शृंखला**

☞ न्यूजीलैंड ने शृंखला 2-1 से जीत ली।

☞ **फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच :** कोलिन मुनरो (न्यूजीलैंड)

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज** : टिम सेइफर्ट (न्यूजीलैंड) (शृंखला में सर्वाधिक 139 रन)

## हॉपमैन कप, 2019

☞ टेनिस की प्रतिष्ठित टीम स्पर्धा हॉपमैन कप, 2019 (31वां संस्करण) पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (29 दिसंबर, 2018 - 5 जनवरी, 2019)

☞ स्विट्जरलैंड ने जर्मनी को 2-1 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब चौथी बार जीत लिया।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

☞ **पुरुष एकल विजेता - रोजर फेडरर** (स्विट्जरलैंड)

**उपविजेता** - अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)

☞ **महिला एकल विजेता - एंजलिक कर्बर** (जर्मनी)

**उपविजेता** - बेलिंडा बेनसिस (स्विट्जरलैंड)

☞ **मिश्रित युगल विजेता - बेलिंडा बेनसिस** एवं **रोजर फेडरर** (दोनों स्विट्जरलैंड)

**उपविजेता** - एंजलिक कर्बर एवं अलेक्जेंडर ज्वेरेव (दोनों जर्मनी)

☞ 37 वर्षीय फेडरर हॉपमैन कप के इतिहास में सर्वाधिक सफल खिलाड़ी बन गए।

☞ यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर था, जब फेडरर हॉपमैन कप विजेता स्विट्जरलैंड की टीम का हिस्सा थे।

## वेस्टइंडीज टीम का भारत दौरा, 2018

☞ वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का भारत दौरा संपन्न। (29 सितंबर - 11 नवंबर, 2018)

● **टेस्ट शृंखला :**

☞ 2 टेस्ट मैचों की शृंखला 4-16 अक्टूबर, 2018 के मध्य संपन्न हुई।

☞ भारत ने टेस्ट मैचों की शृंखला 2-0 से जीत ली।

☞ शृंखला में सर्वाधिक 237 रन बनाने वाले भारत के **पृथ्वी शॉ** को **'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।

☞ पदार्पण मैच में शतक लगाने वाले वे सबसे युवा भारतीय तथा विश्व के चौथे सबसे युवा (18 वर्ष, 329 दिन) क्रिकेटर हैं।

● **एकदिवसीय शृंखला**

☞ 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला 21 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य संपन्न हुई।

☞ भारत ने एकदिवसीय मैचों की शृंखला 3-1 से जीत ली।

● **टी-20 शृंखला**

☞ भारत ने तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला 3-0 से जीत ली।

## यूथ ओलंपिक, 2018

☞ अर्जेंटीना में संपन्न। (6-18 अक्टूबर, 2018)

☞ रूस 29 स्वर्ण, 18 रजत तथा 12 कांस्य पदकों सहित कुल 59 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।

☞ यूथ ओलंपिक, 2018 का शुभंकर पांडी (Pandi) था।

☞ भारतीय दल की ध्वजवाहक युवा निशानेबाज मनु भाकर थी।

☞ भारत 3 स्वर्ण, 9 रजत तथा 1 कांस्य पदकों सहित कुल 13 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में 17वें स्थान पर रहा।

## एशियाई पैरा खेल, 2018

☞ जकार्ता, इंडोनेशिया में संपन्न। (6-13 अक्टूबर, 2018)

☞ एशियाई अशक्त (Disability) एथलीटों हेतु आयोजित इन खेलों में 43 देशों के कुल 2888 एथलीटों ने 18 खेलों की 531 खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया।

☞ 2018 एशियाई पैरा खेलों का आधिकारिक शुभंकर 'मोमो' नामक बोन्डोल ईगल (Bondol eagle) है, जो प्रेरणा और गतिशीलता का प्रतिनिधित्व करता है।

☞ चीन ने 172 स्वर्ण, 88 रजत एवं 59 कांस्य पदक सहित कुल 319 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

☞ भारत ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 24 रजत एवं 33 कांस्य पदकों सहित कुल 72 पदक जीतकर पदक तालिका में नौवां स्थान प्राप्त किया।

## 18वें एशियाई खेल

☞ 18वें एशियाई खेल इंडोनेशिया के जकार्ता एवं पालेमबंग शहरों में संपन्न। (18 अगस्त से 2 सितंबर, 2018)

☞ 45 देशों के लगभग 12,000 एथलीटों ने 40 खेलों की 465 खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया।

☞ चीन 132 स्वर्ण, 92 रजत तथा 65 कांस्य पदकों सहित कुल 289 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।

☞ भारत 15 स्वर्ण, 24 रजत तथा 30 कांस्य पदकों सहित कुल 69 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में आठवें स्थान पर रहा।

☞ **शुभंकर -** 18वें एशियाई खेलों के तीन शुभंकर - भिन-भिन (स्वर्ग की चिड़िया), अतुंग (बावीयन हिरण) एवं काका (एक सींग वाला गैंडा) थे।

## फीफा विश्व कप, 2018

☞ 14 जून से 15 जुलाई, 2018 के मध्य रूस के 11 विभिन्न शहरों में संपन्न इस विश्व कप में 32 टीमों ने भाग लिया।

☞ 15 जुलाई, 2018 को मॉस्को के लुज्निकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में **फ्रांस** ने क्रोएशिया को 4-2 से पराजित कर दूसरी बार (पहला खिताब 1998 में) विश्व कप का खिताब जीत लिया।

☞ फीफा विश्व कप, 2018 का शुभंकर (Mascot) जाबीवाका (Zabivaka) नाम का एक भेड़िया था।

## राष्ट्रमंडल खेल, 2018

☞ 21वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन गोल्ड कोस्ट, क्वींसलैंड (ऑस्ट्रेलिया) में संपन्न। (4-15 अप्रैल, 2018)

☞ उद्‌घाटन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु रहीं।

☞ 11 दिन के इस खेल आयोजन में ऑस्ट्रेलिया ने 80 स्वर्ण, 59 रजत एवं 59 कांस्य पदक सहित कुल 198 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

☞ भारत ने 26 स्वर्ण, 20 रजत एवं 20 कांस्य पदक सहित कुल 66 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

☞ इन खेलों का शुभंकर (Mascot), बोरोबी (Borobi) नामक एक नीले रंग का नर कोआला (Koala) था।

# महत्वपूर्ण खेल परिणाम

## टेनिस

### ❑ जर्मन ओपन, 2019

☞ जर्मनी में संपन्न। (26 फरवरी- 3 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - केंटो मोमोटा** (जापान)

**उपविजेता -** केंटा निशिमोतो (जापान)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - अकोने यामागुची** (जापान)

**उपविजेता -** रातचानोक इंतानोन (थाईलैंड)

### ❑ दुबई टेनिस चैंपियनशिप, 2019

☞ दुबई, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में संपन्न। (17 फरवरी से 2 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - रोजर फेडरर** (स्विट्जरलैंड)

**उपविजेता** - स्टेफानोस सितसिपास (ग्रीस)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - बेलिंडा बेनसिस** (स्विट्जरलैंड)

**उपविजेता** - पेत्रा क्विटोवा (चेक गणराज्य)

☞ यह रोजर फेडरर के लगभग दो दशकीय टेनिस कॅरियर में टूर लेवल श्रेणी का 100वां एकल खिताब था।

☞ इसी के साथ वह अमेरिका के महान खिलाड़ी जिमी कोनर्स (109 खिताब) के बाद 100 खिताब जीतने वाले विश्व के दूसरे खिलाड़ी बन गए।

### ❑ एबिंटो मेक्सिको ओपन, 2019

☞ अकापुल्को, मैक्सिको में संपन्न। (25 फरवरी से 2 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - निक किर्गियोस** (ऑस्ट्रेलिया)

**उपविजेता** - अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)

➲ **महिला एकल**

**विजेता** - **वांग याफान** (चीन)

**उपविजेता** - सोफिया केनिन (अमेरिका)

## ❑ रियो ओपन, 2019

☞ रियो डी जनेरियो, ब्राजील में संपन्न। (18-24 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता** - **लास्लो डेरे** (सर्बिया)

**उपविजेता** - फेलिक्स ऑगेर - अलिआसिमे (कनाडा)

## ❑ अर्जेंटीना ओपन, 2019

☞ ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में संपन्न। (11-17 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता** - **मार्को सेस्सिहीनातो** (इटली)

**उपविजेता** - डिएगो श्वार्ट्ज़मैन (अर्जेंटीना)

## ❑ डेलरे बीच ओपन, 2019

☞ अमेरिका में संपन्न। (18-24 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता** - **राडु एल्बोट** (मोल्डेवा)

**उपविजेता** - डैनिएल इवांस (ब्रिटेन)

☞ राडु एल्बोट के लिए यह जीत ऐतिहासिक रही क्योंकि एल्बोट ATP टूर खिताब जीतने वाले मोल्डोवा के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## ❑ ABN-AMRO वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट, 2019

☞ रॉटरडैम, नीदरलैंड्स में संपन्न। (11-17 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता** - **गेल मोनफील्स** (फ्रांस)

**उपविजेता** - स्टैनिसलास वावरिंका (स्विट्जरलैंड)

## ❑ कतर ओपन, 2019

☞ महिला टेनिस प्रतियोगिता दोहा, कतर में संपन्न। (11-16 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **महिला एकल**

**विजेता** - **एलिसे मर्टेंस** (बेल्जियम)

**उपविजेता** - सिमोना हालेप (रोमानिया)

## ❑ सोफिया ओपन, 2019

☞ सोफिया, बुल्गारिया में संपन्न। (4-10 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता** - **डैनिल मेदवेदेव** (रूस)

**उपविजेता** - मार्टोन फुक्सोविक्स (हंगरी)

## ❑ सेंट पीटर्सबर्ग लेडीज ट्रॉफी, 2019

☞ सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में संपन्न। (28 जनवरी - 3 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **महिला एकल विजेता** - **किकी बर्टेंस** (नीदरलैंड्स)

**उपविजेता** - डोना वेकिक (क्रोएशिया)

## ❑ महाराष्ट्र ओपन, 2019

☞ पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न। (31 दिसंबर, 2018 - 5 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता** - **केविन एंडरसन** (द. अफ्रीका)

**उपविजेता** - इवो कार्लोविक (क्रोएशिया)

➲ **पुरुष युगल विजेता** - **रोहन बोपन्ना** एवं **दिविज शरन** (दोनों भारत)

**उपविजेता** - ल्यूक बैंब्रिज एवं जॉनी ओ'मारा (दोनों ग्रेट ब्रिटेन)

## ❑ कतर ओपन, 2019

☞ दोहा, कतर में संपन्न। (31 दिसंबर, 2018 - 5 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता** - **रॉबर्टो बाउतिस्ता अगुत** (स्पेन)

**उपविजेता** - थॉमस बर्डीच (चेक गणराज्य)

➲ **पुरुष युगल विजेता** - **डेविड गॉफिन** (बेल्जियम) एवं **पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट** (फ्रांस)

**उपविजेता** - रॉबिन हास एवं मैट्वे मिडिलकूप (दोनों नीदरलैंड्स)

## ❑ ब्रिसबेन इंटरनेशनल, 2019

☞ ब्रिसबेन, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (30 दिसंबर, 2018 - 6 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता** - **केई निशिकोरी** (जापान)

**उपविजेता** - डैनिल मेदवेदेव (रूस)

➲ **महिला एकल विजेता** - **कैरोलिना प्लिसकोवा** (चेक गणराज्य)

**उपविजेता** - लेसिया सुरेंको (यूक्रेन)

## ❑ ITF विश्व चैंपियनशिप, 2018

☞ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (ITF) द्वारा वर्ष 2018 के विश्व चैंपियन की घोषणा की गई। (13 दिसंबर, 2018)

☞ सर्बिया के पुरुष खिलाड़ी नोवाक जोकोविक तथा रोमानियाई महिला खिलाड़ी सिमोना हालेप को विश्व चैंपियन घोषित किया गया।

## ❑ WTA इलीट ट्रॉफी, 2018

☞ झुहाई (चीन) में संपन्न। (30 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2018)

➲ **महिला एकल विजेता** - **एशलेघ बार्टी** (ऑस्ट्रेलिया)

**उपविजेता** - वांग कियांग (चीन)

## ❑ स्विस इंडोर्स, 2018

☞ बासेल (स्विट्जरलैंड) में संपन्न। (22-28 अक्टूबर, 2018)

➲ **पुरुष एकल विजेता - रोजर फेडरर** (स्विट्जरलैंड)
**उपविजेता** - मारियस कोपिल (रोमानिया)

➲ **पुरुष युगल विजेता - डॉमिनिक इंग्लट** (यूके) एवं **फ्रैंको स्कुगोर** (क्रोएशिया)
**उपविजेता** - अलेक्जेंडर ज्वेरेव एवं मिश्चा ज्वेरेव (दोनों जर्मनी)

### ❑ फेड कप, 2018

☞ फाइनल प्राग, चेक गणराज्य में संपन्न। (10-11 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता - चेक गणराज्य**

➲ **उपविजेता** - संयुक्त राज्य अमेरिका

### ❑ डेविस कप, 2018

☞ फ्रांस में संपन्न। (23-25 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता - क्रोएशिया** (दूसरा खिताब)

➲ **उपविजेता** - फ्रांस

### ❑ ATP/WTA फाइनल्स, 2018

☞ अक्टूबर/नवंबर, 2018 में संपन्न।

➲ **पुरुष एकल विजेता - अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)**

➲ **महिला एकल विजेता** - एलीना स्विटोलीना (युक्रेन)

## क्रिकेट

### ❑ सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2019

☞ होल्कर स्टेडियम, इंदौर (मध्य प्रदेश) में संपन्न। (14 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
**विजेता - कर्नाटक** (पहला खिताब)
**उपविजेता -** महाराष्ट्र

☞ **फाइनल का 'मैन ऑफ द मैच' -** मयंक अग्रवाल (कर्नाटक)

### ❑ आयरलैंड-अफगानिस्तान क्रिकेट शृंखला, 2019

☞ आयरलैंड और अफगानिस्तान की क्रिकेट टीमों ने 21 फरवरी से 19 मार्च, 2019 तक भारत में अपनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शृंखलाएं संपन्न की।

☞ 15 मार्च, 2019 तक दोनों टीमों ने आपस में 3 टी-20, 5 एकदिवसीय मैचों की शृंखला खेली।

☞ इन टीमों के सभी मैच राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, देहरादून में खेले गए।

● **टी-20 शृंखला (21-24 फरवरी, 2019)**

☞ 3 टी-20 मैचों की शृंखला अफगानिस्तान ने क्लीन स्वीप करते हुए 3-0 से जीत ली।

☞ अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को फाइनल का 'मैन ऑफ द मैच' के साथ ही 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

☞ राशिद खान ने तीसरे और अंतिम टी-20 इंटरनेशनल मैच में हैट्रिक लगाई और टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लगाने वाले विश्व के सातवें गेंदबाज बने।

➲ राशिद ने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर और तीसरे ओवर की पहली तीन गेंद पर तीन विकेट लिए।

☞ इसके साथ ही वह टी-20 में लगातार चार गेंद पर चार विकेट लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बन गए हैं।

● **एकदिवसीय शृंखला (28 फरवरी से 10 मार्च, 2019)**

☞ 5 अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों की शृंखला 2-2 से बराबरी पर रही।

➲ शृंखला का दूसरा मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** एंड्रयू बलबीरनीए (आयरलैंड), शृंखला में कुल 215 रन।

☞ **शृंखला में सर्वाधिक विकेट** - जॉर्ज डॉकरेल (आयरलैंड), कुल 8 विकेट।

### ❑ इंग्लैंड क्रिकेट टीम का वेस्टइंडीज दौरा, 2019

☞ 15 जनवरी से 10 मार्च, 2019 के मध्य इंग्लैंड क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के दौरे पर रही।

☞ इस दौरान 3 टेस्ट, 5 वनडे और 3 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला खेली गई।

☞ वनडे शृंखला के दौरान कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड दोनों पक्षों द्वारा तोड़े एवं बनाए गए।

● **टेस्ट शृंखला**

☞ 3 टेस्ट मैचों की शृंखला संपन्न। (23 जनवरी से 13 फरवरी, 2019)

☞ **वेस्टइंडीज** ने टेस्ट शृंखला 2-1 से जीतकर **विजडन ट्रॉफी** (Wisden Trophy) अपने नाम की।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** केमार रोच (वेस्टइंडीज), शृंखला में सर्वाधिक 18 विकेट।

☞ **शृंखला में सर्वाधिक रन** - जेसन होल्डर (वेस्टइंडीज), कुल 229 रन।

● **वनडे शृंखला**

☞ 5 वनडे मैचों की शृंखला संपन्न। (20 फरवरी से 2 मार्च, 2019)

☞ 3 मार्च, 2019 को वेस्टइंडीज ने ग्रेनाडा में संपन्न शृंखला का 5वां और अंतिम मैच 7 विकेट से जीतकर 5 मैचों की शृंखला 2-2 से ड्रॉ कराई।

☞ शृंखला का तीसरा वनडे मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

☞ गेल **39 वर्ष 162 दिन की आयु में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** बनें और वह वनडे इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व के दूसरे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए।

☞ पहले क्रिकेटर पाकिस्तान के इमरान ताहिर हैं, जिन्होंने अक्टूबर, 2018 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध 39 वर्ष 193 दिन में 'प्लेयर ऑफ सीरीज' बनने की उपलब्धि प्राप्त की थी।

● **टी-20 शृंखला**

☞ 3 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला संपन्न। (5-10 मार्च, 2019)

☞ टी-20 शृंखला इंग्लैंड ने क्लीन स्वीप करते हुए 3-0 से जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - क्रिस जॉर्डन (इंग्लैंड)

☞ शृंखला के दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज टीम जीत के लिए आवश्यक 183 रनों का पीछा करते हुए 45 रन पर ऑल आउट हो गई।

☞ यह अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट का दूसरा सबसे न्यूनतम (Lowest) टीम स्कोर तथा ICC के पूर्ण सदस्य देशों का सबसे निम्नतम टीम स्कोर है।

☞ अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में सबसे निम्नतम टीम स्कोर नीदरलैंड्स के नाम है जब उसकी पूरी टीम को श्रीलंका ने मार्च, 2014 में 39 रन पर ऑल आउट कर दिया था।

## ❑ इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा, 2019

☞ इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा संपन्न। (18 फरवरी से 9 मार्च, 2019)

☞ इस दौरान 3 अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय तथा 3 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला खेली गई।

**● एकदिवसीय शृंखला (22-28 फरवरी, 2019)**

☞ 3 एकदिवसीय मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** स्मृति मंधाना (भारत), शृंखला में सर्वाधिक 153 रन।

**● टी-20 शृंखला (4-9 मार्च, 2019)**

☞ इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने 3 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की शृंखला क्लीप स्वीप करते हुए 3-0 से जीत ली।

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - डैनिएले व्याट (इंग्लैंड), शृंखला में सर्वाधिक 123 रन।

☞ टी-20 शृंखला का दूसरा मैच महिला अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट का 600वां मैच था।

## ❑ BCCI ने क्रिकेटरों की अनुबंध सूची जारी की

☞ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने क्रिकेटरों के लिए वार्षिक अनुबंध की घोषणा की। (7 मार्च, 2019)

☞ इस अनुबंध की अवधि अक्टूबर, 2018 से सितंबर, 2019 तक है।

☞ **दो प्रमुख पुरुष सीनियर**

➲ **ग्रेड 'A+' (7 करोड़ रुपये)** - विराट कोहली, रोहित शर्मा एवं जसप्रीत बुमराह (कुल 3)।

➲ **ग्रेड 'A' (5 करोड़ रुपये)** - रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, एम.एस. धौनी, शिखर धवन, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, कुलदीप यादव एवं ऋषभ पंत (कुल 11)।

## ❑ ईरानी कप, 2018-19

☞ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, नागपुर में संपन्न। (12-16 फरवरी, 2019)

☞ **विदर्भ** ने फाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर लगातार दूसरी बार शेष भारत को पराजित कर यह कप जीत लिया।

☞ विदर्भ के **अक्षय के. कार्नेवर** को फाइनल का **'मैन ऑफ द मैच'** चुना गया।

☞ शेष भारत के हनुमा विहारी ईरानी कप में लगातार तीन शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

☞ हनुमा ने वर्ष 2017-18 में 183 रन तथा वर्ष 2018-19 में पहली पारी में 114 रन और दूसरी पारी में नाबाद 180 रन बनाए।

## ❑ U-19 कूच बिहार ट्रॉफी, 2018-19

☞ वीसीए स्टेडियम, नागपुर में संपन्न। (11-14 फरवरी, 2019)

☞ फाइनल मैच में **उत्तर प्रदेश** ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर विदर्भ टीम को पराजित कर ट्रॉफी का खिताब जीत लिया।

## ❑ बिग बैश लीग, 2018-19

☞ आठवां संस्करण मार्वल स्टेडियम, मेलबर्न में संपन्न। (19 दिसंबर, 2018 से17 फरवरी, 2019)

☞ **प्रायोजक - KFC**

☞ **प्रतिभागी टीमें - 8**

☞ प्रतियोगिता परिणाम -

**विजेता - मेलबर्न रेनेगाडेस** (13 रनों से)

**उपविजेता -** मेलबर्न स्टार्स

☞ **फाइनल का मैन ऑफ द मैच - डैनिएल क्रिस्टियन** (मेलबर्न रेनेगाडेस)

☞ **प्लेयर ऑफ द सीरीज** - डी'आर्ची शार्ट (होबार्ट हरिकेंस)

## ❑ भारतीय महिला क्रिकेट टीम का न्यूजीलैंड दौरा

☞ 3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला न्यूजीलैंड में संपन्न। (24 जनवरी - 1 फरवरी, 2019)

☞ भारत ने शृंखला 2-1 से जीत ली।

☞ शृंखला में सर्वाधिक 196 रन बनाने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी स्मृति मंधाना को **'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।

☞ शृंखला का अंतिम मैच भारतीय कप्तान मिताली राज का 200वां मैच था और इसी के साथ ही वह 200 वनडे खेलने वाली विश्व की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

## ❑ ICC अवॉर्ड्स, 2018

☞ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा वर्ष 2018 के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई। (22 जनवरी, 2019)

☞ **'क्रिकेटर ऑफ द ईयर'** की सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी भारतीय कप्तान विराट कोहली को प्रदान की गई।

☞ **महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर,** (राचेल हेहोए फ्लिंट अवॉर्ड) भारतीय खिलाड़ी स्मृति मंधाना को घोषित किया गया।

## ❑ रणजी ट्रॉफी, 2018-19

☞ भारत की प्रथम श्रेणी की घरेलू चैंपियनशिप का 85वां संस्करण संपन्न। (1 नवंबर, 2018 से 7 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतिभागी टीमें -** 37

☞ **फाइनल मैच का आयोजन स्थल** - विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, नागपुर।

☞ **फाइनल मैच परिणाम**

**विजेता - विदर्भ** (78 रन से, लगातार दूसरा खिताब)

**उपविजेता -** सौराष्ट्र

☞ **फाइनल का मैन ऑफ द मैच** - आदित्य सरवटे (विदर्भ)

## ❑ क्रिकेट में पहली बार बैट से टॉस

☞ क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बल्ले से टॉस कराया गया। (20 दिसंबर, 2018)

☞ ऑस्ट्रेलिया में खेली जा रही बिग-बैश लीग के आठवें संस्करण में ब्रिस्बेन हीट एवं एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच संपन्न हुए मैच में बैट से टॉस हुआ।

☞ उल्लेखनीय है कि बल्ले द्वारा टॉस किए जाने पर 'हेड्स' (heads) या 'टेल्स' (tails) के स्थान पर 'हिल्स' (hills) या 'फ्लैट्स' (flats) से टॉस के विजेता का निर्णय किया जाता है।

## ❑ IPL, 2019 खिलाड़ियों की नीलामी

☞ इंडियन प्रीमियर लीग के 12वें संस्करण हेतु खिलाड़ियों की नीलामी जयपुर, राजस्थान में संपन्न। (18 दिसंबर, 2018)

☞ जयदेव उनादकट और वरुण चक्रवर्ती इस वर्ष नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनें।

☞ राजस्थान रॉयल्स ने उनादकट को नीलामी में 8.4 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया।

☞ तमिलनाडु के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को किंग्स इलेवन पंजाब ने 8.4 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया।

☞ विदेशी खिलाड़ियों में इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरैन सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

## ❑ भारत-ऑस्ट्रेलिया टी- 20 शृंखला, 2018

☞ भारतीय क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा जारी। (21 नवंबर, 2018 से 18 जनवरी, 2019)

☞ 3 टी-20 मैचों की शृंखला संपन्न। (21-25 नवंबर, 2018)

☞ भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के मध्य यह शृंखला (दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द) 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

➲ **प्लेयर ऑफ द सीरीज - शिखर धवन** (भारत), शृंखला में सर्वाधिक 117 रन।

## ❑ देवधर ट्रॉफी, 2018-19

☞ नई दिल्ली में संपन्न। (23-27 अक्टूबर, 2018)

➲ **विजेता - इंडिया** 'C' एवं **उपविजेता -** इंडिया 'B'

## ❑ एशिया कप, 2018

☞ UAE की मेजबानी में संपन्न। (15-28 सितंबर, 2018)

➲ **विजेता - भारत** एवं **उपविजेता -** बांग्लादेश

➲ **प्लेयर ऑफ द सीरीज - शिखर धवन** (भारत)

## ❑ ACC U-19 एशिया कप, 2018

☞ बांग्लादेश में संपन्न। (29 सितंबर - 7 अक्टूबर, 2018)

➲ **विजेता - भारत** एवं **उपविजेता -** श्रीलंका

➲ **प्लेयर ऑफ द सीरीज - यशस्वी जायसवाल** (भारत)

## ❑ दलीप ट्रॉफी, 2018-19

☞ दलीप ट्रॉफी, संपन्न। (17 अगस्त से 8 सितंबर, 2018)

➲ **विजेता - इंडिया ब्लू** एवं **उपविजेता -** इंडिया रेड

## ❑ भारतीय क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा, 2018

☞ भारतीय क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा। (3 जुलाई से 11 सितंबर, 2018)

☞ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट मैचों की शृंखला 4-1 से जीत ली।

➲ प्लेयर ऑफ द सीरीज - भारतीय कप्तान विराट कोहली एवं सैम कर्रन (इंग्लैंड)।

☞ इंग्लैंड ने एकदिवसीय शृंखला 2-1 से जीत ली।

➲ इंग्लैंड के **जो रूट** को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

☞ भारत ने टी-20 शृंखला 2-1 से जीत ली।

☞ भारत के **रोहित शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।

## ❑ विजय हजारे ट्रॉफी, 2017-18

☞ नई दिल्ली में संपन्न। (5-27 फरवरी, 2018)

➲ **विजेता - कर्नाटक** (41 रन से), **कप्तान** - करुण नायर

➲ **उपविजेता -** सौराष्ट्र, **कप्तान** - चेतेश्वर पुजारा

## ❑ रणजी ट्रॉफी, 2017-18

☞ फाइनल इंदौर, मध्य प्रदेश में संपन्न। (जनवरी, 2018)

➲ **विजेता** - **विदर्भ** (9 विकेट से) एवं **उपविजेता** - दिल्ली

# हॉकी

## ❑ 53वां अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप, 2019

☞ महिंद्रा स्टेडियम, मुंबई में संपन्न (4-13 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता - इंडियन ऑयल** (बंगलुरु)

**उपविजेता -** पंजाब एवं सिंध बैंक (जालंधर)

☞ **मोस्ट प्रॉमिजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट -** दर्शन गावकर (BPCL)

## ❑ 9वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप, 2019 (डिवीजन 'A')

☞ हिसार, हरियाणा में संपन्न। (8-18 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता (स्वर्ण पदक) - रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड** (RSPB), रिकॉर्ड लगातार छठीं बार।

➲ **उपविजेता (रजत पदक)** - मध्य प्रदेश

➲ **तीसरा स्थान** (कांस्य पदक) - हॉकी हरियाणा (महाराष्ट्र को पराजित कर)

## ❑ अखिल भारतीय गुरु नानक देव गोल्ड कप, 2019

☞ खालजा कॉलेज कैंपस, अमृतसर (पंजाब) में संपन्न। (20-24 फरवरी, 2019)

☞ **प्रायोजक -** ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC)
☞ **प्रतियागिता परिणाम**
➲ **विजेता - मध्य प्रदेश स्टेट अकादमी** (पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 से)
➲ **उपविजेता -** खालसा हॉकी अकादमी
☞ **प्लेयर ऑफ सीरीज -** प्रियंका (खालसा हॉकी अकादमी)
☞ **सर्वश्रेष्ठ कोच -** परमजीत सिंह बरार (मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी)

### ❑ 9वीं राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप, 2019 डिवीजन "A"

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
**विजेता - रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड** (PSPB)
**उपविजेता -** हॉकी पंजाब

### ❑ FIH पुरुष हॉकी विश्व कप, 2018

☞ 14वां संस्करण कलिंगा स्टेडियम, ओडिशा में संपन्न। (28 नवंबर - 16 दिसंबर, 2018)
☞ **शुभंकर : ओली**, एक ओलिव रिडले कछुआ
☞ **थीम सॉन्ग :** 'जय हिंद, जय इंडिया'
☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
➲ **स्वर्ण पदक - बेल्जियम**
➲ **रजत पदक** - नीदरलैंड्स
➲ **कांस्य पदक** - ऑस्ट्रेलिया

### ❑ आगा खां गोल्ड कप, 2018

☞ 115वां संस्करण मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, पुणे में संपन्न। (1-9 दिसंबर, 2018)
☞ **प्रतियोगिता परिणाम विजेता - सेल** (SAIL) हॉकी अकादमी
➲ **उपविजेता** - आर्मी इलेवन, दानापुर

### ❑ हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, 2018

☞ 5वां संस्करण मस्कट, ओमान में संपन्न। (18-22 अक्टूबर, 2018)
➲ **स्वर्ण पदक - भारत** एवं **पाकिस्तान** (संयुक्त विजेता)
➲ भारी वर्षा के चलते फाइनल मैच नहीं खेला जा सका।
➲ **रजत पदक - मलेशिया** (जापान को पेनाल्टी शूट आउट में 3-2 से पराजित किया)।

### ❑ सुल्तान ऑफ जोहोर कप, 2018

☞ 8वां संस्करण मलेशिया में संपन्न। (6-13 अक्टूबर, 2018)
➲ **स्वर्ण पदक - ग्रेट ब्रिटेन**
➲ **रजत पदक - भारत** एवं **कांस्य पदक** - ऑस्ट्रेलिया

### ❑ भारत-हांगकांग हॉकी मैच

☞ 18वें एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ग्रुप मुकाबले में हांगकांग को 26-0 से पराजित किया। (22 अगस्त, 2018)
☞ यह अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

### ❑ महिला हॉकी विश्व कप

☞ 14वां संस्करण लंदन (इंग्लैंड) में संपन्न। (अगस्त, 2018)
➲ **विजेता - नीदरलैंड्स** एवं **उपविजेता** - आयरलैंड

### ❑ पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, 2018

☞ नीदरलैंड्स में संपन्न। (23 जून से 1 जुलाई, 2018)
➲ **स्वर्ण पदक - ऑस्ट्रेलिया**
➲ **रजत पदक - भारत**

### ❑ सुल्तान अजलान शाह कप, 2018

☞ 27वां संस्करण इपोह (मलेशिया) में संपन्न। (3-10 मार्च, 2018)
➲ **स्वर्ण पदक - ऑस्ट्रेलिया** (2-1 से), सर्वाधिक 10वां खिताब।
➲ **रजत पदक** - इंग्लैंड एवं **कांस्य पदक** - अर्जेंटीना

## फुटबॉल

### ❑ हीरो आई-लीग, 2018-19

☞ भारत के विभिन्न शहरों में संपन्न। (28 अक्टूबर, 2018 से 9 मार्च, 2019)
☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
**विजेता - चेन्नई सिटी** (43 अंक)
**द्वितीय स्थान -** मिनर्वा पंजाब (42अंक)

### ❑ इंग्लिश फुटबॉल लीग (EFL), 2018-19

☞ 59वां संस्करण वेम्बले स्टेडियम, लंदन में संपन्न। (14 अगस्त, 2018 से 24 फरवरी, 2019)
☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
➲ **विजेता - मैनचेस्टर सिटी** (पेनाल्टी शूट आउट में 4-3 से)
➲ **उपविजेता** - चेल्सी
☞ **सर्वाधिक गोल** - गैब्रिएल जिसस (मैनचेस्टर सिटी), 5 गोल

### ❑ AFC एशियन कप, 2019

☞ संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न। (5 जनवरी - 1 फरवरी, 2019)
☞ **प्रतिभागी टीमें - 24**
☞ **प्रतियोगिता परिणाम**
**विजेता - कतर** (प्रथम खिताब)
**उपविजेता -** जापान
☞ **फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच** - अकरम अफीफ (कतर)
☞ **टूर्नामेंट में प्रदत्त पुरस्कार**
➲ **शीर्ष गोल स्कोरर** - अल्मोएज अली (कतर, 9 गोल)
➲ **टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** - अल्मोएज अली (कतर)
➲ **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर** - साद अल शीब (कतर)
➲ **फेयर प्ले अवॉर्ड** - जापान

### ❑ फीफा क्लब विश्व कप, 2018

☞ 15वां संस्करण संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में संपन्न। (12-22 दिसंबर, 2018)
☞ **प्रतिभागी टीमें** - 7 (6 कंफेडरेशंस से)
☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता (स्वर्ण पदक) - रियल मैड्रिड**, स्पेन (4-1 से); चौथा खिताब

➲ **उपविजेता** - अल-आइन फुटबॉल क्लब (संयुक्त अरब अमीरात)

### ❑ U-17 सुब्रतो कप, 2018

☞ 59वां संस्करण अंबेडकर स्टेडियम, नई दिल्ली में संपन्न। (20 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता - बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान (BKSP)**, **बांग्लादेश**

➲ **उपविजेता -** अमीनी स्कूल (अफगानिस्तान)

### ❑ फीफा U-20 महिला विश्व कप, 2018

☞ फ्रांस के चार शहरों में संपन्न। (5-24 अगस्त, 2018)

➲ **विजेता - जापान** एवं **उपविजेता -** स्पेन

➲ **फेयर प्ले अवॉर्ड -** जापान

### ❑ इंटरकॉन्टिनेंटल कप, 2018

☞ मुंबई फुटबॉल एरेना, मुंबई में संपन्न। (1-10 जून, 2018)

➲ **विजेता - भारत** एवं **उपविजेता** - केन्या

☞ **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - भारतीय कप्तान सुनील छेत्री** (टूर्नामेंट में सर्वाधिक 8 गोल)

### ❑ यूएफा चैंपियंस लीग, 2017-18

☞ कीव, यूक्रेन में संपन्न। (26 मई, 2018)

➲ **विजेता - रीयल मैड्रिड** एवं **उपविजेता** - लिवरपूल

## बैडमिंटन

### ❑ योनेक्स ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2019

☞ बर्मिंघम, इंग्लैंड में संपन्न। (6-10 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता** - केंटो मोमोटा (जापान)

**उपविजेता -** विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क)

➲ **महिला एकल विजेता** - चेन युफेई (चीन)

**उपविजेता -** ताइत्जु यिंग (चीनी ताइपे)

### ❑ केन्या इंटरनेशनल, 2019

☞ नैरोबी, केन्या में संपन्न। (28 फरवरी- 2 मार्च, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - बी.एम. राहुल भारद्वाज** (भारत)

**उपविजेता -** अमन फरोग संजय (भारत)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - थोट हटा थुजार** (म्यांमार)

**उपविजेता -** डोमोयू अमरो (जॉर्डन)

### ❑ युगांडा इंटरनेशनल, 2019

☞ कम्पाला, युगांडा में संपन्न। (21-24 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - बी.एम. राहुल भारद्वाज** (भारत)

**उपविजेता - कैरी गुन्नारसोन** (आइसलैंड)

➲ **महिला एकल**

**विजेता -** थेट हतार थुजार (म्यांमार)

**उपविजेता -** डोमोयू अमरो (जॉर्डन)

### ❑ 83वीं योनेक्स सनराइज सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2019

☞ गुवाहाटी, असम में संपन्न। (10-16 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - सौरभ वर्मा**

**उपविजेता -** लक्ष्य सेन

➲ **महिला एकल**

**विजेता - साइना नेहवाल**

**उपविजेता -** पी.वी. सिंधु

### ❑ इंडोनेशिया मास्टर्स, 2019

☞ जकार्ता, इंडोनेशिया में संपन्न। (22-27 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - एंडर्स एंटोनसेन** (डेनमार्क)

**उपविजेता** - केंटो मोमोता (जापान)

➲ **महिला एकल विजेता - साइना नेहवाल** (भारत)

**उपविजेता -** कैरोलिना मारिन (स्पेन)

### ❑ मलेशिया मास्टर्स, 2019

☞ कुआलालम्पुर, मलेशिया में संपन्न। (15-20 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - सोन वान हो** (दक्षिण कोरिया)

**उपविजेता** - चेन लांग (चीन)

➲ **महिला एकल विजेता - रात्चानोक इंतानोन** (थाईलैंड)

**उपविजेता -** कैरोलिना मारिन (स्पेन)

### ❑ प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2018-19

☞ चौथा संस्करण कांतिरवा इंडोर स्टेडियम, बंगलुरू में संपन्न। ( 13 जनवरी, 2019)

☞ **प्रायोजक :** वोडाफोन

☞ **प्रतिभागी टीमें :** 9

☞ **प्रतियोगिता परिणाम विजेता - बंगलुरू रैप्टर्स** (पहला खिताब)

**उपविजेता -** मुंबई रॉकेट्स

☞ **प्रतियोगिता में प्रदत्त प्रमुख पुरस्कार**

☞ **इंडियन ऑयल प्लेयर ऑफ द मैच** : किदांबी श्रीकांत (बंगलुरू रैप्टर्स)

☞ **स्मार्टेस्ट प्लेयर ऑफ द लीग** : किदांबी श्रीकांत (बंगलुरू रैप्टर्स)

☞ **इंडियन ऑयल प्लेयर ऑफ द लीग** : समीर वर्मा (मुंबई रॉकेट्स)

☞ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द लीग : एन्डर्स एन्टोसन (मुंबई रॉकेट्स)

## ❑ BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2018

☞ ग्वांगझू, चीन में संपन्न। (12-16 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - शी युकी** (चीन)

**उपविजेता -** केंटो मोमोता (जापान)

➲ **महिला एकल विजेता - पी.वी. सिंधु** (भारत)

**उपविजेता -** नोजोमी ओकुहारा (जापान)

## ❑ सैयद मोदी इंटरनेशनल, 2018

☞ बाबू बनारसी दास इंडोर स्टेडियम, लखनऊ में संपन्न। (20-25 नवंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - समीर वर्मा** (भारत)

**उपविजेता -** लू ग्वांगझू (चीन)

➲ **महिला एकल विजेता - हान युए** (चीन)

**उपविजेता -** साइना नेहवाल (भारत)

## ❑ BWF विश्व चैंपियनशिप, 2018

☞ नानजिंग, चीन में संपन्न। (30 जुलाई से 5 अगस्त, 2018)

☞ चीन ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य पदकों सहित कुल 8 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

➲ **पुरुष एकल स्वर्ण पदक - केंटो मोमोता** (जापान)

➲ **महिला एकल स्वर्ण पदक - केरोलिना मारिन** (स्पेन)

**रजत पदक - पी.वी. सिंधु** (भारत)

## ❑ योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन, 2018

☞ बर्मिंघम, इंग्लैंड में संपन्न। (मार्च, 2018)

➲ **पुरुष एकल विजेता - शी यूकी** (चीन)

➲ **महिला एकल विजेता - ताई त्जु यिंग** (चीनी ताइपे)

# शतरंज

## ❑ भारत के 61वें ग्रैंडमास्टर

☞ इरोड, तमिलनाडु के 16 वर्षीय भारतीय इंटरनेशनल मास्टर (IM) इनियान पन्नीर सेलवम भारत के 61वें ग्रैंड मास्टर बने। (5 मार्च, 2019)

☞ उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी, 2019 को 17 वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट में विसाख एनआर ने अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म प्राप्त किया था।

☞ चूंकि विसाख का खेल गुकेश से पहले समाप्त हो गया था अतः विसाख भारत के 59वें तथा गुकेश भारत के 60वें ग्रैंड मास्टर बने।

## ❑ 17वां अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव 'एरोफ्लोट ओपन, 2019

☞ मॉस्को, रूस में संपन्न। (18 फरवरी से 1 मार्च, 2019)

☞ प्रतिभागियों की रेटिंग के अनुसार तीन ओपन टूर्नामेंट्स A, B और C का आयोजन किया जाता है।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **ओपन 'A'**

**विजेता - कैडियो कुलाओट्स** (GM), एस्टोनिया।

➲ **ओपन 'B'**

**विजेता - स्टेनिस्लाव बोगदानोविक** (GM), यूक्रेन।

➲ **ओपन 'C'**

**विजेता - तिमोफे इल्जिन** (IM), यूक्रेन।

## ❑ 11वां चेन्नई ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर चेस टूर्नामेंट, 2019

☞ चेन्नई (तमिलनाडु) में संपन्न। (18-25 फरवरी, 2019)

☞ **आयोजक -** तमिलनाडु राज्य शतरंज संघ।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता - GM पैंट्सुलाइआ लेवान** (जॉर्जिया)

## ❑ कान इंटरनेशनल ओपन, 2019

☞ कान, फ्रांस में संपन्न। (25 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता -** GM अभिजीत गुप्ता (भारत), संभावित 9 में से सर्वाधिक 7.5 अंक।

## ❑ टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2019

☞ 81वां संस्करण विज्क आन जी, नीदरलैंड्स में संपन्न। (12-27 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **मास्टर्स ग्रुप विजेता - मैग्नस कार्लसन** (नॉर्वे), रिकॉर्ड सातवीं बार जीता।

**दूसरा स्थान** - अनीस गिरि (नीदरलैंड्स)

➲ **चैलेंजर्स ग्रुप विजेता - व्लादिस्लाव कोवालेव** (बेलारूस)

**दूसरा स्थान -** आंद्रे एसीपेंको (रूस)

## ❑ दिल्ली इंटरनेशनल ओपन, 2019

☞ इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में संपन्न। (9-16 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **श्रेणी - A विजेता - लेवान पंतसुलैया** (जॉर्जिया)

**उपविजेता -** मोसादेघ मसूद (ईरान)

➲ **श्रेणी - B विजेता - धनुष राघव** (भारत)

**उपविजेता** - प्रकाश यादव (भारत)

➲ **श्रेणी - C विजेता - बीर कुमार** (भारत)

**उपविजेता** - निश्चय शर्मा (भारत)

## ❑ किंग सलमान वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप, 2018

☞ सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में संपन्न। (25-31 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **ओपन रैपिड (पुरुष) विजेता - डैनिल दुबोव** (रूस)

**दूसरा स्थान** - शखरियार मामेद्यारोव (अजरबैजान)

➲ **महिला रैपिड विजेता - जू वेन्जुन** (चीन)

**दूसरा स्थान -** सरासादत खादेमलशरियाह (ईरान)

➲ **ओपन ब्लिट्ज (पुरुष) विजेता - मैग्नस कार्लसन** (नॉर्वे)

**दूसरा स्थान -** डूडा जान-क्रजिस्टोफ (पोलैंड)

➲ **महिला ब्लिट्ज विजेता - कैटरीना लग्नो** (रूस)

**दूसरा स्थान -** सरासादत खादेमलशरियाह (ईरान)

### ❑ राष्ट्रीय सीनियर ओपन शतरंज चैंपियनशिप, 2018

☞ जम्मू में संपन्न। (8-18 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता - अरविंद चिदंबरम** (तमिलनाडु)

### ❑ ग्रैंड चेस टूर, 2018

☞ FIDE ग्रैंड चेस टूर (GCT) का अंतिम चरण लंदन चेस क्लासिक टूर्नामेंट के साथ ही लंदन में संपन्न। (17 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता - हिकारू नाकामुरा** (अमेरिका), 34.5 अंक

### ❑ विश्व शतरंज चैंपियनशिप, 2018

☞ FIDE और वाणिज्यिक पार्टनर एगॉन (Agon) द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप होलबॉर्न, लंदन में संपन्न। (9-28 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता - मैग्नस कार्लसन** (नॉर्वे)

### ❑ चेस ओलंपियाड, 2018

☞ बाटूमी, जार्जिया में संपन्न। (23 सितंबर - 6 अक्टूबर, 2018)

➲ **पुरुष वर्ग (ओपन) स्वर्ण पदक - चीन**

➲ **महिला वर्ग स्वर्ण पदक - चीन**

## टेबल टेनिस

### ❑ 80वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता, 2018

☞ कटक (ओडिशा) में संपन्न। (4-9 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - अचंत शरत कमल** (PSPB)

**उपविजेता -** जी. साथियान (PSPB)

➲ **महिला एकल विजेता - अर्चना गिरीश कामथ** (PSPB)

**उपविजेता -** क्रितविका सिन्हा रॉय (प. बंगाल)

### ❑ ITTF वर्ल्ड टूर फाइनल्स

☞ यह टेबल टेनिस प्रतियोगिता इंचिओन, कोरिया गणराज्य में संपन्न। (13-16 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष एकल विजेता - तोमोकाजु हारिमोटो** (जापान)

➲ **महिला एकल विजेता - चेन मेंग (चीन)**

### ❑ ITTF स्टार अवॉर्ड्स, 2018

☞ अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा इंचिओन, कोरिया में वर्ष 2018 के स्टार अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। (12 दिसंबर, 2018)

☞ प्रमुख पुरस्कार निम्नवत हैं-

➲ **पुरुष टेबल टेनिस स्टार - फान झेनडोंग** (चीन)

➲ **महिला टेबल टेनिस स्टार - डिंग निंग** (चीन)

➲ **ब्रेकथ्रू टेबल टेनिस स्टार - मनिका बत्रा** (भारत)

☞ उल्लेखनीय है कि मनिका बत्रा अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा स्टार अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

### ❑ ITTF पुरुष विश्व कप, 2018

☞ पेरिस, फ्रांस में संपन्न। (19-21 अक्टूबर, 2018)

➲ **विजेता- फान झेनडोंग** (चीन) एवं **उपविजेता - टिमो बोल** (जर्मनी)

### ❑ ITTF महिला विश्व कप, 2018

☞ चेंगदू, चीन में संपन्न। (28-30 सितंबर, 2018)

➲ **विजेता - निंग डिंग** (चीन) एवं **उपविजेता - यूलिंग झू** (चीन)

## बिलियर्ड्स/स्नूकर/स्क्वैश

### ❑ राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर चैंपियनशिप, 2019

☞ इंदौर, मध्य प्रदेश में संपन्न। (18 जनवरी से 10 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

☞ 84वीं सीनियर नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप (पुरुष)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **बिलियर्ड्स** (150 UP)

**विजेता - एस. श्रीकृष्णा** (तमिलनाडु)

**उपविजेता -** ध्वज हरिया (PSPB)

➲ **स्नूकर**

**विजेता - पंकज आडवाणी** (PSPB)

**उपविजेता -** लक्ष्मण रावत (PSPB)

☞ 26वीं महिला नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **बिलियर्ड्स**

**विजेता - उमादेवी रेवाला** (कर्नाटक)

**उपविजेता -** कीरथ भंडाल (दिल्ली)

➲ **स्नूकर**

**विजेता - वर्षा संजीव** (कर्नाटक)

**उपविजेता -** अरांता सांचेज (महाराष्ट्र)

### ❑ क्वीवलैंड क्लासिक स्क्वैश चैंपियनशिप, 2019

☞ क्लीवलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न। (31 जनवरी - 4 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम विजेता - नूर एल तैयब** (मिस्र)

**उपविजेता -** टेस्नी इवांस (वेल्स)

### ❑ सिएटल ओपन स्क्वैश, 2019

☞ संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न। (30 जनवरी - 2 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम विजेता - रमित टंडन** (भारत)

**उपविजेता** - मोहम्मद अल शरबिनी (मिस्र)

### ❑ जे.पी. मोर्गन स्क्वैश टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस

☞ न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न। (16-24 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष वर्ग विजेता - अली फराग** (मिस्र)

**उपविजेता** - मोहम्मद अल शोरबगी (मिस्र)

➲ **महिला वर्ग विजेता - नूर अल शरबिनी** (मिस्र)

**उपविजेता** - रनीम अल वेलिली (मिस्र)

### ❑ वर्ल्ड बिलियड्र्स चैंपियनशिप, 2018 - 150 UP

☞ यंगून, म्यांमार में संपन्न। (12-15 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता** - **पंकज आडवाणी** (भारत)

### ❑ राष्ट्रीय मास्टर्स स्नूकर चैंपियनशिप, 2018

☞ नई दिल्ली में संपन्न। (30 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2018)

➲ **विजेता** - **आलोक कुमार** एवं **उपविजेता** - धरमिंदर सिंह लिली

➲ **विजेता** - **पंकज आडवाणी** (भारत) एवं **उपविजेता** - जू रेती (चीन)

### ❑ एशियन टीम स्नूकर चैंपियनशिप, 2018

☞ दोहा, कतर में संपन्न। (19-21 सितंबर, 2018)

➲ **विजेता** - **पाकिस्तान** एवं **उपविजेता** - भारत

## गोल्फ

### ❑ PGTI प्लेयर्स चैंपियनशिप, 2019

☞ गोल्फ एंड कंट्री क्लब नुह, हरियाणा में संपन्न। (12-15 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता** - **उदयन माने** (भारत)

### ❑ गोलकुंडा मास्टर्स, 2019

☞ हैदराबाद गोल्फ क्लब, हैदराबाद में संपन्न। (6-9 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता** - **चिक्कारंगप्पा एस.** (बंगलुरू)

## विविध

### ❑ 30वीं अंतरराष्ट्रीय जीबी (Geebee) मुक्केबाजी टूर्नामेंट, 2019

☞ हेलसिंकी, फिनलैंड में संपन्न। (7-10 मार्च, 2019)

☞ भारत ने इस टूर्नामेंट में 1स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक जीते।

☞ भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक कविंदर सिंह बिष्ट ने बैटंम (56 किमी.) स्पर्धा में जीता।

☞ टूर्नामेंट की टीम रैंकिंग में इंग्लैंड 38 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पर रहा।

☞ भारत 20 और रूस 16 अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

### ❑ मकरान कप, 2019

☞ मुक्केबाजी टूर्नामेंट ईरान के चाबहार में संपन्न। (फरवरी, 2019)

☞ भारत ने चैंपियनशिप में **1 स्वर्ण**, 5 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक जीते।

☞ चैंपियनशिप में भारत के लिए **एकमात्र स्वर्ण पदक** तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन **दीपक सिंह** (49 किग्रा.) ने जीता।

➲ दीपक ने फाइनल में जाफर नसीरी को पराजित किया।

### ❑ तीसरी ISSF इंटरनेशनल सॉलिडैरिटी तीरंदाजी (आर्चरी) चैंपियनशिप, 2019

☞ ढाका, बांग्लादेश में संपन्न। (22-27 फरवरी, 2019)

☞ भारत ने चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक प्राप्त किए।

☞ इन 4 स्वर्ण पदकों में मात्र एक पदक प्रगति ने महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में प्राप्त किया। शेष 3 स्वर्ण पदक भारत ने टीम स्पर्धा में जीते।

### ❑ रुपे प्रो. वॉलीबॉल लीग (PVL), 2019

☞ रुपे प्रो. वॉलीबाल लीग (PVL), 2019 का प्रथम उद्घाटित संस्करण 2-22 फरवरी, 2019 के मध्य कोच्चि एवं चेन्नई में संपन्न हुआ।

☞ देश में वॉलीबॉल जैसे खेल को बढ़ावा देने हेतु PVL, वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और बेसलाइन वेंचर की एक पहल है।

☞ **प्रायोजक** - रुपे (Rupay)

☞ नेहरू इंडोर स्टेडियम, चेन्नई में संपन्न फाइनल मैच में चेन्नई स्पर्टांस (पुरस्कार राशि 50 लाख रु.) ने कालीकट हीरोज (पुरस्कार राशि 20 लाख रु.) को 3-0 से पराजित कर लीग का पहला खिताब जीत लिया।

☞ **प्रतियोगिता में प्रदत्त पुरस्कार**

➲ **रुपे प्लेयर ऑफ द मैच** - नवीन राजा जैकब (चेन्नई स्पर्टांस)

➲ **बैंक ऑफ बड़ौदा मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर (MVP)** - अजिथ लाल (कालीकट)

☞ रुपे प्रो वॉलीबाल लीग महिला प्रदर्शनी मैच का खिताब ऑल स्टॉर्स ब्लू ने ऑल स्टॉर्स येलो को पराजित कर जीत लिया।

### ❑ 70वां स्ट्रेंडजा अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट, 2019

☞ सोफिया, बुल्गारिया में संपन्न। (13-20 फरवरी, 2019)

☞ **आयोजक** - यूरोपीय मुक्केबाजी संघ (EUBC)

☞ भारत ने टूर्नामेंट में 3 स्वर्ण, 1 रजत तथा 3 कांस्य पदक सहित कुल 7 पदक जीते और पदक तालिका में तीसरा स्थान (कुल 33 अंक) प्राप्त किया।

☞ पुरुष वर्ग में भारत के लिए एकमात्र पदक स्वर्ण पदक के रूप में अमित पंघल ने 49 किग्रा. भार वर्ग के फाइनल में कजाख्स्तान के तेमीरतास झुस्सुपोव को पराजित कर जीत लिया।

☞ महिला वर्ग में पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज इस प्रकार हैं-

➲ **दूसरा स्वर्ण पदक** - निखत जरीन (51 किग्रा. भार वर्ग)

➲ **तीसरा स्वर्ण पदक -** मीरा कुमारी देवी (54 किग्रा. भार वर्ग)

## ❑ प्रथम मल्लखंब विश्व चैंपियनशिप, 2019

☞ अपनी तरह की पहली यह विश्व चैंपियनशिप समर्थ व्यायाम मंदिर, शिवाजी पार्क (मुंबई) में संपन्न। (16-17 फरवरी, 2019)

☞ इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में 15 देशों ने प्रतिभाग किया।

☞ प्रथम चैंपियनशिप का टीम खिताब **भारत** ने जीता।

☞ मल्लखंब, भारत में पहलवानों को प्रशिक्षित करने का एक परंपरागत अभ्यास है।

➲ यह मल्ल (Malla) अर्थात पहलवान और खंब (Khamb) जिसका अर्थ खंभा (Pole) है, शब्दों से मिलकर बना है।

## ❑ 6वीं ओपन राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप, 2019

☞ 20 मीटर गोल्ड रेस, चेन्नई में संपन्न। (16 फरवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष वर्ग**

**विजेता - के.टी. इरफान** (केरल), समय - 1 : 26 : 18 सेकंड

➲ **महिला वर्ग**

**विजेता - बी. सौम्या** (केरल), समय - 1 : 40 : 25 सेकंड

**द्वितीय स्थान -** प्रियंका (उत्तर प्रदेश)

## ❑ क्लाउडेड तेंदुआ

☞ मेघालय का राजकीय पशु वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर (Mascot) घोषित। (13 फरवरी, 2019)

☞ मेघालय के खेल एवं युवा मंत्री बंटीडोर लिंगदोह की अध्यक्षता में संपन्न 'राष्ट्रीय खेल, 2022' की कार्यकारी समिति की पहली बैठक में उक्त निर्णय लिया गया।

➲ यह तेंदुआ गारो, खासी और जयंतिया पहाड़ी के जंगलों में पाया जाता है।

☞ राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने वाला मेघालय पूर्वोत्तर का तीसरा (मणिपुर, 1999 एवं असम, 2007) राज्य होगा।

## ❑ EGAT's कप अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप, 2019

☞ टोक्यो, 2020 ओलंपिक हेतु सिल्वर लेवल की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता EGAT's कप अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप, 2019 थाईलैंड के चियांग माई (Chiang Mai) में 7-10 फरवरी, 2019 के मध्य संपन्न।

☞ विश्व चैंपियन भारतीय महिला भारोत्तोलक सेखोम मीराबाई चानू ने 49 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह चैंपियनशिप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक रहा।

☞ चानू ने कुल 192 किग्रा. (स्नैच 82 किग्रा. एवं क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा.) वजन उठाकर यह उपलब्धि प्राप्त की।

☞ भारत ने टूर्नामेंट में 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 3 पदक प्राप्त किए।

## ❑ 66वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, 2018-19

☞ रायगढ़, महाराष्ट्र में संपन्न। (28-31 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता - भारतीय रेलवे** (41-17 से)

**उपविजेता -** सेना (सर्विसेज)

## ❑ प्रो कुश्ती लीग, 2019

☞ ग्रेटर नोएडा, उ.प्र. में संपन्न। (14-31 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता टीम - हरियाणा हैमर्स** (6-3 से), पहला खिताब

➲ **उपविजेता टीम -** NCR पंजाब रॉयल्स

## ❑ खेलो इंडिया यूथ गेम्स

☞ दूसरा संस्करण पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न। (9-20 जनवरी, 2019)

☞ प्रतियोगिता में मेजबान महाराष्ट्र 85 स्वर्ण, 62 रजत एवं 81 कांस्य पदकों सहित कुल 228 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।

☞ 178 पदकों के साथ हरियाणा पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। हरियाणा ने 62 स्वर्ण, 56 रजत एवं 60 कांस्य पदक प्राप्त किए।

## ❑ प्रो कबड्डी लीग, 2018-19

☞ 6वें संस्करण का फाइनल मुंबई में संपन्न। (5 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता का प्रायोजक -** विवो

☞ लीग में शामिल टीमें - **12**

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

**विजेता -** बंगलुरू बुल्स (पहला खिताब); 38-33 से

**उपवितेता -** गुजरात फॉर्च्यून जायंट्स

☞ **टूर्नामेंट में प्रदत्त पुरस्कार**

➲ **सर्वाधिक मूल्यवान खिलाड़ी - पवन कुमार सहरावत** (बंगलुरू बुल्स)

➲ **सर्वश्रेष्ठ रेडर** (Best Raider)**- प्रदीप नारवाल** (पटना पाइरेट्स)

➲ **सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर - नितेश कुमार** (यू.पी. योद्धा)

➲ **सर्वश्रेष्ठ नवप्रवेशी** (Best Debutant) **- सिद्धार्थ देसाई** (यू मुंबा)

## ❑ 62वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल), 2018

☞ तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न। (15 नवंबर - 7 दिसंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम (मुख्य)**

➲ **10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा**

➲ **पुरुष वर्ग स्वर्ण पदक - ओमप्रकाश मिथारवाल** (सेना)

➲ **महिला वर्ग स्वर्ण पदक - ईशा सिंह** (त्रावणकोर)

☞ **10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा**

➲ **पुरुष वर्ग स्वर्ण पदक - रवि कुमार** (वायु सेना)

➲ **महिला वर्ग स्वर्ण पदक - अंजुम मोदगिल** (पंजाब)

## ❑ IDBI फेडरल कोलकाता मैराथन, 2019

☞ कोलकाता में संपन्न। (3 फरवरी, 2019)

☞ **ब्रांड एंबेसेडर** - सचिन तेंदुलकर।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **पुरुष वर्ग स्वर्ण - ट्लानडिंग वाहलैंग** (2 : 35 : 42)

➲ **महिला वर्ग स्वर्ण - अंजली सराओगी** (3 : 16 : 54)

## ❑ टाटा मुंबई मैराथन, 2019

☞ मुंबई में संपन्न। (20 जनवरी, 2019)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

☞ **विजेता पुरुष वर्ग - कॉसमास लागाट** (केन्या)

☞ **विजेता महिला वर्ग** - वर्कनेश अलेमु (इथियोपिया)

☞ मैराथन में भारतीय पुरुष वर्ग का खिताब नितेंद्र सिंह रावत एवं महिला वर्ग का खिताब सुधा सिंह ने जीता।

☞ एम.सी. मैरीकॉम इस वर्ष 16वीं टाटा मुंबई मैराथन की ब्रांड एंबेसेडर थीं।

## ❑ इंदिरा मैराथन, 2018

☞ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्म दिवस की स्मृति में प्रयागराज (इलाहाबाद) में आयोजित इंदिरा मैराथन का 34वां संस्करण संपन्न। (19 नवंबर, 2018)

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

➲ **विजेता महिला वर्ग - ज्योति शंकर गावते** (लगातार छठीं बार विजेता), महाराष्ट्र।

➲ **विजेता पुरुष वर्ग - बी.एस. धोनी** (सेना)

## ❑ 58वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपि., 2018

☞ भुवनेश्वर, ओडिशा में संपन्न। (25-28 सितंबर, 2018)

➲ **ओवरऑल चैंपियनशिप विजेता - रेलवे** (300 अंक)

➲ **पुरुष चैंपियनशिप विजेता - सर्विसेज** (198 अंक)

➲ **महिला चैंपियनशिप विजेता - रेलवे** (100 अंक)

➲ **सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट - एम. श्रीशंकर** ( केरल, 1181 अंक)

➲ **सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट - अंजलि देवी कुंडु** (हरियाणा, 1136 अंक)

## ❑ AIBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2018

☞ के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में संपन्न। (15-24 नवंबर, 2018)

☞ **चीन** ने 5 पदक (4 स्वर्ण, 1 रजत) प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

☞ भारत कुल 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा।

☞ भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक एम.सी. मैरीकॉम ने 45-48 किग्रा. भार वर्ग में यूक्रेन की हन्ना ओखोटा को परजित कर जीता।

☞ मैरी, रिकॉर्ड 6 बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली विश्व की पहली महिला मुक्केबाज बन गईं।

## ❑ राष्ट्रमंडल सीनियर और वेटेरन (Veteran) तलवारबाजी चैंपियनशिप, 2018

☞ ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (23-28 नवंबर, 2018)

☞ चैंपियनशिप में भारत ने 2 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 3 पदक जीते।

☞ भारत की **सी.ए. भवानी देवी** ने महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे स्पर्धा में इंग्लैंड की एमिली रूऑक्स को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।

## ❑ फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2019

☞ 17 मार्च, 2019 को ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स से प्रारंभ।

☞ **प्रतियोगिता परिणाम**

☞ **विजेजा-वालटेरी घाटास (फिनलैंड), जर्मन टीम मर्सिडीज**

☞ लुईस हैमिल्टन वर्ष 2018 संपन्न 21 रेसों में से 11 में जीत दर्ज कर कुल 408 अंक प्राप्त कर फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2018 के विजेता बने।

## ❑ हुंडई तीरंदाजी विश्वकप, 2018

☞ सैमसन, तुर्की में संपन्न। (29-30 सितंबर, 2018)

☞ भारत ने प्रतियोगिता में 1 रजत एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त कर पदक तालिका में छठां स्थान प्राप्त किया।

## ❑ 32वां अहमत कोर्मट मुक्केबाजी टूर्नामेंट, 2018

☞ इस्तांबुल (तुर्की) में संपन्न। (10-16 सितंबर, 2018)

☞ भारतीय युवा महिला मुक्केबाजों ने प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, 2 रजत तथा 2 कांस्य पदकों सहित कुल 7 पदक प्राप्त किए।

## ❑ AIBA युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2018

☞ बुडापेस्ट, हंगरी में संपन्न। (21-31 अगस्त, 2018)

☞ भारत ने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 2 रजत तथा 6 कांस्य पदकों सहित कुल 10 पदक प्राप्त किए।

## ❑ ISSF विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप, 2018

☞ 52वां संस्करण चांगवोन (द. कोरिया) में संपन्न। (31 अगस्त से 15 सितंबर, 2018)

☞ भारत 11 स्वर्ण, 9 रजत एवं 7 कांस्य पदकों सहित कुल 27 पदक जीतकर चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहा।

## ❑ 2020 टोक्यो ओलंपिक एवं पैरालंपिक खेलों का शुभंकर लांच

☞ टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति ने 2020 टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के शुभंकर लांच किए। (22 जुलाई, 2018)

☞ 2020 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों हेतु नीले चेक धारी शुभंकर को 'मिराइतोवा' (Miraitowa) नाम दिया गया है।

☞ वहीं ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेलों हेतु लाल चेक धारी शुभंकर को 'सोमाइटी' (Someity) नाम दिया गया है।